पत्र सूचना शाखा

**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने जनपद देवरिया में 676 करोड़ रु0 से अधिक की 501 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

**विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ट्रैक्टर एवं आवास की प्रतीकात्मक चाभी, चेक तथा स्वीकृति पत्र प्रदान किये**

**परिषदीय स्कूलों की वर्ष 2025 की वार्षिक परीक्षा में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया**

**जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया**

**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आज का नया भारत विकास के माध्यम से अपनी नई पहचान प्रस्तुत कर रहा : मुख्यमंत्री**

**प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए डबल इंजन सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही**

**आज पर्यटन विकास, व्यावसायिक व टेक्निकल शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुष तथा बाढ़ बचाव सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया**

**राजकीय महाविद्यालय पडियापार के चार मंजिला भवन का लोकार्पण**

**देवरहा बाबा के नाम पर देवरिया में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया गया, आज यहां नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा रहा**

**बाढ़ की समस्या के स्थाई समाधान के लिए अनेक कार्यों का शुभारम्भ, सरयू जी के रास्ते अयोध्या तक इनलैण्ड वॉटर–वे की तैयारी की जा रही**

**गोरखपुर से शामली को एक्सप्रेस–वे से जोड़ने की प्रक्रिया प्रगति पर**

**गोरखपुर से देवरिया जाने की सड़क 04–लेन बन रही, देवरिया से कसया और पडरौना मार्ग को 04–लेन से जोड़ने का कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता**

**मुसहर समाज के लोगों को सभी सुविधाओं से आच्छादित किए जाने के कार्य अंतिम चरणों में**

**सरकार ने जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएं, पहले चरण में 15 लाख परिवार चिन्हित किए गए**

**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में 140 करोड़ भारतवासियों को एक साथ रहना चाहिए**

**लखनऊ : 29 अप्रैल, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आज का नया भारत विकास के माध्यम से अपनी नई पहचान प्रस्तुत कर रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की स्थितियां बदली है। देवरिया सहित पूरा प्रदेश दंगा और माफिया मुक्त हुआ है। उत्तर प्रदेश विकास

की गति को तेजी के साथ आगे बढ़ाने वाले राज्य के रूप में आगे बढ़ा है। इस विकास को और गति प्रदान करने के लिए आज हम जनपद देवरिया आए हैं।

मुख्यमंत्री जी आज पड़ियापार, जनपद देवरिया में 676 करोड़ 32 लाख रुपये लागत की 501 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के उपरान्त इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इन परियोजनाओं में 253.64 करोड़ रुपये लागत की 341 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 422.67 करोड़ रुपये लागत की 160 परियोजनाओं का शिलान्यास सम्मिलित है। इसके अन्तर्गत मुख्यमंत्री जी ने 11.31 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राजकीय महाविद्यालय पडियापार के चार मंजिला भवन का लोकार्पण भी किया तथा महाविद्यालय प्रांगण में रूद्राक्ष का पौधरोपण किया।

मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम में फसल अवशेष प्रबन्धन योजना के अन्तर्गत एग्रीग्रेटर के रूप में चयनित लाभार्थी को अनुदान की राशि तथा ट्रैक्टर की चाभी प्रदान की। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की लाभार्थी को आवास की प्रतीकात्मक चाभी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 523 स्वयं सहायता समूहों को सामूहिक निवेश निधि के रूप में 07 करोड़ 87 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि के चेक तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत लाभार्थियों को ऋण राशि के प्रतीकात्मक चेक तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये।

मुख्यमंत्री जी ने परिषदीय स्कूलों की वर्ष 2025 की परीक्षा में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया। मुख्यमंत्री जी को एक छात्रा ने प्रयागराज महाकुम्भ–2025 पर आधारित पेण्टिंग भेंट की। मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। कार्यक्रम में दिव्यांगजन को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, व्हील चेयर तथा श्रवण यंत्र वितरित किये गये। मुसहर समुदाय के चिन्हित लोगों को जमीन का पट्टा आवंटित किया गया। कार्यक्रम में जनपद देवरिया के विकास से सम्बन्धित एक लघु फिल्म का प्रसारण भी किया गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए डबल इंजन सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रयागराज महाकुम्भ–2025 ने इसकी एक झांकी देश और दुनिया के समक्ष प्रस्तुत की है। महाकुम्भ में जो भी आया, वह अभिभूत होकर गया। लोगों को उत्तर प्रदेश की सामर्थ्य की पहचान हुई। उत्तर प्रदेश के नौजवानों, यहां की प्रशासनिक मशीनरी और प्रदेश के नागरिकों की एक नई पहचान लोगों के सामने बनी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सनातन धर्म की परम्परा में अक्षय तृतीया की तिथि अत्यन्त पवित्र मानी गई है। इसलिए अक्षय तृतीया की पावन तिथि पर 676 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात देने हम यहां आए हैं। उन्होंने देवरहा बाबा की साधना स्थली देवरिया की पावन धरा को नमन करते हुए देवरिया सहित उत्तर प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जी की पावन जयन्ती की बधाई दी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज यहां आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन विकास, व्यावसायिक व टेक्निकल शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुष तथा बाढ़ बचाव सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। यह प्रक्रिया निरंतर आगे बढ़ेगी। वर्ष 2017 के पहले जनपद देवरिया में बीमारी, गुण्डागर्दी, अव्यवस्था और अराजकता व्याप्त थी। पर्व और त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से नहीं मनाये जा सकते थे। नौजवान यहां से पलायन करते थे और किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर थे। यहां मुसहर, वनटांगिया तथा अन्य जनजातियां गरीबी और भुखमरी का शिकार थीं। वर्ष 2017 से पहले इसी क्षेत्र में इंसेफेलाइटिस से प्रतिवर्ष हजारों बच्चों की मृत्यु होती थी। इंसेफेलाइटिस बीमारी ने पूरे उत्तर प्रदेश को ही बीमार कर दिया था।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज देवरिया में एक डिग्री कॉलेज का उद्घाटन हुआ है। इस सरकारी डिग्री कॉलेज का भवन चार मंजिला है। इसमें एक ही साथ कला, वाणिज्य और विज्ञान तीनों की कक्षाएं चलेगी। इस सत्र में यहां प्रवेश प्रारम्भ हो जाएगा। इसी तरह, पथरदेवा में स्थित डिग्री कॉलेज में वाणिज्य संकाय प्रारम्भ करने की कार्रवाई की जा रही है। गौरी बाजार स्थित राजकीय महाविद्यालय में ऑडिटोरियम का निर्माण तथा अन्य गतिविधियों का संचालन करने के कार्यों को आज प्रारम्भ किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज इंसेफेलाइटिस, मलेरिया, डेंगू, कालाजार या चिकनगुनिया जैसी बीमारी हमारी पहचान नहीं है, बल्कि हाईवे, रेलवे, मेट्रो, रोप–वे तथा इनलैण्ड वॉटर–वे के रूप में विकास आज उत्तर प्रदेश की पहचान बन रहा है। हमारी पहचान विश्वस्तरीय एक्सप्रेस–वे के रूप में बन रही है। गोरखपुर से सिलचर तक जाने वाले एक नया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे प्रस्तावित है। देवरिया जनपद भी इस एक्सप्रेस–वे से लाभान्वित होगा। इसके माध्यम से दिल्ली तक कनेक्टिविटी दी जाएगी। गोरखपुर से शामली को एक्सप्रेस–वे के माध्यम से जोड़ने की प्रक्रिया प्रगति पर है। इससे देवरिया से शामली या दिल्ली जाने में बहुत कम समय लगेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पहले गोरखपुर से देवरिया जाने के लिए सिंगल लेन सड़क थी। आज यह सड़क 04–लेन की बन रही है। गोरखपुर से देवरिया और बलिया तक का पूरा मार्ग 04–लेन से जुड़ेगा। देवरिया से हाटा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को भी आगे बढ़ाया जाएगा। देवरिया से कसया और पडरौना मार्ग को 04–लेन से जोड़ने का कार्यक्रम भी सरकार की प्राथमिकता में है। इसके माध्यम से दो जनपद मुख्यालयों को 04–लेन से जोड़ा जाएगा। देवरिया की चीनी मिल का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, अन्यथा यहां पर शुगर कॉम्प्लेक्स बन गया होता। इसके लिए धनराशि सुरक्षित रखी गयी है। सरकार के स्तर पर लगातार पैरवी की जा रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। कॉलेज और आई0टी0आई0 का निर्माण इसी विकास के तहत होता है। डबल इंजन सरकार ने देवरहा बाबा के नाम पर देवरिया में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया है। आज यहां के मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य भी प्रारम्भ किया जा रहा है। यह नौकरी की गारण्टी देने वाला क्षेत्र है। नर्सिंग कॉलेज बनने से बेटियों के प्लेसमेंट की गारण्टी होगी। जिन बेटियों को लखनऊ, गोरखपुर, दिल्ली या अन्य क्षेत्रों में नर्सिंग की पढ़ाई के लिए जाने

को मजबूर होना पड़ता था, अब उन्हें देवरिया में ही मेडिकल कॉलेज के कैंपस में यह सुविधा प्राप्त हो जाएगी। कुशीनगर जनपद में महात्मा बुद्ध के नाम पर एक बेहतरीन कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निर्माण हो रहा है। विकास की यह प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। विकास का पहिया थमने नहीं पाएगा। प्रदेश का विकास पिछली सरकारों का एजेण्डा नहीं था। इसका परिणाम था कि उत्तर प्रदेश पिछड़ता गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज यहां बाढ़ की समस्या के स्थाई समाधान के लिए भी अनेक कार्यों का शुभारम्भ किया जा रहा है। बरहज–सोनूघाट मार्ग के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए गये हैं। गंगा जी में वाराणसी से प्रयागराज के बीच इनलैण्ड वॉटर–वे की सुविधा दी गई है। बलिया में गंगा जी और सरयू जी मिलती हैं। अब सरयू जी के रास्ते अयोध्या तक भी इनलैण्ड वॉटर–वे की तैयारी की जा रही है, जिससे देवरिया के किसानों के प्रोडक्ट को भी अन्तरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जा सकेगा। इन कार्यों को तेजी के साथ आगे बढ़ाने के लिए इनलैण्ड वॉटर–वे अथॉरिटी का गठन किया जा चुका है। यह अभियान तेजी से आगे बढ़ा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद देवरिया, कुशीनगर तथा महराजगंज में मुसहर जनजाति और महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जनपदों में थारू जनजाति के विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। मुसहर जनजाति के लोग कुशीनगर, देवरिया से लेकर सोनभद्र तक लाखों की संख्या में निवास करते हैं। मुसहर समाज के लोगों को जमीनों का पट्टा, प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास, पात्रता के अनुसार वृद्धावस्था, दिव्यांगजन या निराश्रित महिला पेंशन, राशन कार्ड और आयुष्मान भारत योजना के कार्ड सहित सभी प्रकार की सुविधाओं से आच्छादित किए जाने के कार्य अंतिम चरणों में चल रहे हैं। पहले यह सभी सरकारी सुविधाओं से वंचित थे। अब इन्हें विभिन्न योजनाओं के तहत सैचुरेशन के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए सरकार आगे बढ़ चुकी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गरीबी केवल उस परिवार या समुदाय के लिए ही चुनौती नहीं है, बल्कि यह सरकार के लिए भी चुनौती है। इस दृष्टि से सरकार ने जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएं है। इस अभियान में पहले चरण में 15 लाख परिवार चिन्हित किए गए हैं। एक साथ 15 लाख परिवारों को इन सभी योजनाओं के साथ जोड़ने के कार्यक्रम को सरकार ने अपने हाथ में लिया है। हर गांव के गरीब, दलित, वंचित तथा अति पिछड़ी जाति के परिवारों, जिन्हें कोई भी सरकारी सुविधा नहीं मिली है, को सरकार की सभी सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। जिनके पास मकान नहीं है, उन्हें मकान दिया जाएगा। जिन्हें पेंशन नहीं मिलती है, उन्हें पेंशन की सुविधा से जोड़ा जाएगा। जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, उन्हें राशन कार्ड की सुविधा दी जाएगी। जिनके पास आयुष्मान भारत योजना का कार्ड नहीं है, उन्हें आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा। जिनके पास रोजगार नहीं है, उन्हें सरकार रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज के बारे में कभी माना जाता था कि यहां जो नौजवान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है, वह सफल होता है। बीच के कालखण्ड में एक अन्धकार युग आया, जब प्रयागराज को माफियाओं ने जकड़ लिया था। आज उत्तर

प्रदेश माफिया और गुण्डा मुक्त हुआ है। इसका परिणाम हुआ है कि जैसे ही प्रयागराज को माफिया से मुक्ति मिली, संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सुश्री शक्ति दुबे ने पहला स्थान प्राप्त किया। यह उत्तर प्रदेश की बेटी है। अनेक छात्रों ने प्रयागराज में तैयारी करते हुए संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अच्छी रैंक प्राप्त की है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत 10 से 11 वर्षों में आये परिवर्तनों से प्रदेश सहित देश में अब अन्नदाता किसान आत्महत्या नहीं कर रहे हैं। आज भूख से कोई मृत्यु नहीं होती है। हमारे नौजवान पलायन करने के लिए मजबूर नहीं है। सरकार हर तबके के लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा की गारण्टी दे रही है। सरकार युवाओं और महिलाओं के साथ है तथा बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हर दंगाई और माफिया को उसी की भाषा में जवाब दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कानपुर के एक नौजवान श्री शुभम द्विवेदी पहलगाम गये थे। वहां आतंकवादियों द्वारा उनकी निर्मम हत्या कर दी गई। अपने नागरिकों के प्रति देश की संवेदना होनी चाहिए। पूरा देश पार्टी लाइन से ऊपर उठकर इस घटना की निंदा कर रहा है। कुछ लोग ऐसे समय में भी दुर्भाग्यपूर्ण बयान दे रहे हैं। जब भी जातिवाद और विभाजनकारी राजनीति होगी, तो तुष्टिकरण के कारण ऐसे लोग हमारी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश भी करेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें आतंकी घटना की एक स्वर से निंदा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में 140 करोड़ भारतवासियों को एक साथ रहना चाहिए। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। भारत विगत 10 वर्षों में अपने यहां से आतंकवाद, उग्रवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने में सफल हुआ है। जब हम सभी एक संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे, तो जो लोग फिर से सिर उठाने का प्रयास कर रहे हैं, इन्हें भी समाप्त शीघ्र समाप्त किया जा सकेगा। हमें राजनीतिक पूर्वाग्रहों से उठकर देश, समाज और जनता–जनार्दन के बारे में सोचना चाहिए।

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय, परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह, ग्राम्य विकास राज्यमंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी, सांसद श्री शशांक मणि त्रिपाठी, विधायक श्री शलभ मणि त्रिपाठी, श्री सुरेन्द्र चौरसिया, श्री सभाकुंवर, श्री जयप्रकाश निषाद, श्री दीपक मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

\-\-\-\-\-\-\-\-

***PN-CM-Deoria Visit-Lokarpan & Shilanyas-29 April, 2025***